# राजकीय महाविद्यालय, द्रंग स्थित नारला, तहसील पधर, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश) के छात्र निधि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 1.7.2006 से 31.3.2013

## भाग–एक

1 **प्रारम्भिकः–**

राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला की स्थापना वर्ष 2006–07 में हुई। अतः महाविद्यालय के छात्र निधि लेखों का यह प्रथम अंकेक्षण है।

2 राजकीय महाविद्यालय, द्रंग स्थित नारला के छात्र निधि लेखाओं अवधि 1.7.2006 से 31.3.2013 तक का अंकेक्षण, श्री चन्द्रेश हाण्डा, अनुभाग अधिकारी (ले0प0) द्वारा दिनांक 23.7.13 से 17.8.13 तक के दौरान किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये है। आय के लिये माह 7/06, 8/07, 6/08, 6/09, 6/10, 6/11 व 6/12 तथा व्यय के लिये माह 10/06, 5/07, 12/08, 12/09, 12/10, 12/11 व 9/12 का चयन विस्तृत जांच हेतु किया गया। आगामी अनुच्छेदों में वर्णित अनुच्छेदों में वर्णित अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया। अंकेक्षण अवधि के अन्तर्गत निम्न वर्णित प्राचार्य कार्यरत्त रहे।

| प्राचार्य का नाम | अवधि |
|---|---|
| श्री एम0एस0 जम्बाल | 11.8.06 से 15.1.07 |
| श्री धर्म सिंह ठाकुर | 16.1.07 से 9.4.10 |
| श्री कृष्ण वैद्या | 26.4.10 से अब तक |

अंकेक्षण प्रतिवेदन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं व अंकेक्षण में प्रस्तुत अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। महाविद्यालय द्वारा प्रदान की गई किसी गलत सूचना एवं सूचना प्रदान न करने के लिए यह विभाग जिम्मेवार नहीं होगा। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग का उत्तरदायित्व जॉच हेतु चयनित मासों तक ही सीमित है।

3 <u>वित्तीय स्थितिः—</u>

(क) राजकीय महाविद्यालय, द्रंग स्थित नारला की निधि वार वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है।

(1) समिश्रित निधिः—

| | 2006—07 (₹) | 2007—08 (₹) | 2008—09 (₹) | 2009—10 (₹) | 2010—11 (₹) | 2011—12 (₹) | 2012—13 (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | — | 60567.68 | 39847.14 | 124006.14 | 247710.14 | 495608.14 | 763585.14 |
| वर्ष में प्राप्ति | 102553 | 96664 | 189510 | 222962 | 412044 | 422909 | 406745 |
| वर्ष में प्राप्त ब्याज | 901.68 | 2062.46 | 2948 | 1975 | 12249 | 22655 | 31560 |
| कुल योग | 103454.68 | 159294.14 | 232305.14 | 348943.14 | 672063.14 | 941172.14 | 1201890.14 |
| वर्ष में व्यय | 42887.00 | 119447.00 | 108299 | 101173 | 176455 | 177587 | 370723 |
| अन्तशेष | 60567.68 | 39847.14 | 124006.14 | 247770.14 | 495608.14 | 763585.14 | 831167.14 |
| (2) पुस्तकालय प्रतिभूतिः— | | | | | | | |
| प्रारम्भिक शेष | — | — | 17746.68 | 35232.68 | 50400.68 | 70397.68 | 87731.68 |
| वर्ष में प्राप्ति | — | 17400 | 16600 | 13700 | 17900 | 14400 | 11200 |
| वर्ष में प्राप्त ब्याज | — | 346.68 | 886 | 1468 | 2097 | 3034 | 3771 |
| **कुल योग** | — | 17746.68 | 35232.68 | 50400.68 | 70397.68 | 87831.68 | 102702.68 |
| वर्ष में व्यय | — | — | — | — | — | 100 | — |
| अन्तशेष | — | 17746.68 | 35232.68 | 50400.68 | 70397.68 | 87731.68 | 102702.68 |

(ख) दिनांक 31.3.2013 का छात्र निधियों के अन्तशेष का मिलान विवरण निम्न प्रकार से था:–

| क्र0सं0 | निधि का नाम | स्टेट बैंक कटिपरी खाता सं0 (कोड 115898) | रोकड़ वही में राशि | बैंक में राशि | अन्तर (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | समिश्रित निधि | 08142 | 831167.14 | 834752.14 | 3585 |
| | | | | | टिप्पणी (अन्तर) |
| | | | | | (i) माह 3/13 में ₹3645 का चैक जारी लेकिन माह में आहरण नहीं हुआ। |
| | | | | | (ii) ₹60 प्राप्ति का चैक प्राप्त हुआ लेकिन गलत दिनांक के कारण राशि प्राप्त नहीं हुई। |
| 2 | पुस्तकालय प्रतिभूति | 08175 | 102702.68 | 102702.68 | — |

(ग) महाविद्यालय में वर्ष 2006–07 में समस्त निधियों की आय व व्यय एक ही रोकड़ वही में दर्ज कर समिश्रित निधि तैयार की गई। वर्ष 2007–08 से पुस्तकालय प्रतिभूति की ही अलग रोकड़ वही तैयार की गई। शेष समस्त निधियों को एक ही रोकड़ वही में दर्ज करने से निधियां किस उद्देश्य से व्यय की जा रही है, का पता लगाना सम्भव नहीं था। भवन निधि, विश्वविद्यालय निधि अन्य निधियों की रोकड़ वही वर्गीकृत रूप में निधिवार तैयार की जाये जिससे प्रत्येक निधि की स्थिति स्वतः स्पष्ट हो सके।

## (घ) निवेश:–

अंकेक्षण अवधि में छात्र निधि से सावधिक निवेश "शून्य" पाया गया।

4 **अंकेक्षण शुल्कः—**

राजकीय महाविद्यालय, द्रंग स्थित नारला के छात्र निधि लेखों की जांच हेतु अंकेक्षण शुल्क निम्न प्रकार से आंका गया।

| वर्ष | कुल आय (₹) | अंकेक्षण शुल्क (₹) |
|---|---|---|
| 2006—07 | 102553 | 4000 |
| 2007—08 | 114064 | 4000 |
| 2008—09 | 206110 | 7000 |
| 2009—10 | 236662 | 7000 |
| 2010—11 | 429944 | 7000 |
| 2011—12 | 473309 | 7000 |
| 2012—13 | 417945 | 7000 |
| | कुल | ₹43000 |

प्राचार्य, महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला द्वारा उपरोक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि बैंक ड्राफ्ट संख्या 010487 दिनांक 13.8.13 के अन्तर्गत निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—9 को भेज दी गई।

5 **अग्रिमः—**

अंकेक्षण अवधि के अन्तर्गत कोई भी अस्थाई अग्रिम समायोजन हेतु बकाया नहीं था।

6 **समिश्रित निधि**

**(क) चैक संख्या 672599 दिनांक 10.10.11 ₹17000/—**

उपरोक्त चैक द्वारा 18.10.11 से 21.10.11 तक चम्बा में यूथ फैस्टीवल हेतु ₹17000/— का अग्रिम प्रदान किया गया। प्रस्तुत किये गये समायोजन लेखें की जांच में निम्न अंकेक्षण आपत्तियॉ आपेक्षित है।

| | | |
|---|---|---|
| 7 छात्रों का टैक्सी द्वारा जाना व पूरे बस किराया प्रतिबन्धित | @308 | ₹2156 |
| 7 छात्रों की बस द्वारा पूरे किराया पर वापसी | @308 | ₹2156 |
| | कुल योग | ₹4312 |

हिमाचल प्रदेश राज्य परिवहन निगम द्वारा छात्रों को परिवहन की बस द्वारा यात्रा किये जाने पर 50**%** की छूट प्रदान की जाती है जिसे ध्यान में रखते हुये यह यात्रा ₹2156/– के लगभग में की जानी थी। यात्रा परिवहन निगम की बस द्वारा न किये जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व ₹2156/– के लगभग बस किराये/टैक्सी के रूप में किये गए अनावश्यक/अधिक व्यय बारे स्थिति स्पष्ट की जाए। भविष्य में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा यात्रा परिवहन निगम की बस में ही आवश्यक छूट का लाभ उठाते हुए ही की जाए ताकि छात्र निधि पर अनावश्यक व्यय से भी बचा जा सके।

उपरोक्त यूथ फैस्टीवल हेतु एक सहायक प्रोफेसर व एक महिला कर्मचारी छात्र व छात्राओं के एस्कार्टस के तौर पर बस द्वारा यात्रा दर्शा कर चैक संख्या 672650 व 672653 द्वारा क्रमशः ₹1288 व ₹952 यात्रा भत्ता बिल के दावा के रूप में प्राप्त किये। अतः छात्रों द्वारा यात्रा टैक्सी से व एस्कार्टस द्वारा यात्रा बस से किये जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व दर्शाए गए बस किराये की राशि को ठोस तथ्यों सहित उचित ठहराया जाए अन्यथा वसूली सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी से करके राशि छात्र निधि में जमा करवाई जाए।

(ख) चैक संख्या 672665 दिनांक 21.9.12 ₹15250/–

उपरोक्त वाऊचर द्वारा रैगिग व धूम्रपान निषेध से सम्बन्धित निम्न साईन बोर्ड की खरीद की गई।

| | |
|---|---|
| 2 नं0 4"X3" बोर्ड @₹3650 | 7300 |
| 3 नं0 2½X3" बोर्ड @ ₹2650 | 7950 |
| *कुल योग* | *15250* |

किया गया व्यय छात्र निधि पर उचित प्रभार नहीं था। अनियमित प्रकार से किये गए व्यय बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व उचित स्त्रोत से वसूली करके राशि छात्र निधि में जमा करवाई जाए।

(ग) (**i**) चैक संख्या 672604 दिनांक 2.11.11 ₹2835

(**ii**) चैक संख्या 672605 दिनांक 3.11.11 ₹17745

उपरोक्त वाउचरों द्वारा विभिन्न खेल कूद सामग्रियॉ मै0 मोहित स्पोर्टस, जोगेन्द्रनगर से कुटेशनों के आधार पर खरीद की गई जबकि खरीद सरकार द्वारा अनुमोदित दर संविदा के आधार पर की जानी आपेक्षित थी। की गई खरीद सरकार द्वारा अनुमोदित दर संविदा के आधार पर न किये जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

7 <u>परीक्षा निधि (समिश्रित निधि)</u>

<u>वाउचर संख्या शून्य दिनांक 5.12.11 ₹13960/–</u>

उपरोक्त वाउचर द्वारा ₹13960/– की राशि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान की गई। इस भुगतान की रसीद प्राप्त नहीं की गई। रसीद को प्राप्त कर सत्यापनार्थ आगामी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

8 <u>लधु आपत्ति विवरणिकाः–</u> यह अलग से जारी नहीं की गई।

9 <u>निष्कर्षः–</u> लेखों में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/–
सहायक निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः–फिन(एल0ए0)एच(2)(सी)(15)(xi)(xi)296/13–खण्ड–1 दिनांक, 2.2.2014 शिमला–171009.

प्रतिलिपि निम्न को प्रेषित की जाती है :–

पंजीकृत :–1 प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, द्रंग, स्थित नारला, तहसील पधर, जिला मण्डी (हि0प्र0) को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस छात्र निधि के अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का सटिप्ण्ण उत्तर इस विभाग को अतिशीघ्र भेजें।

2 प्रधान सचिव, (उच्च शिक्षा) हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला–171002

3 निदेशक, (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–171001.

4 श्री चन्द्रेश हाण्डा, अनुभाग अधिकारी द्वारा...................................

हस्ता/
सहायक निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,

हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009.